# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Sixteenth Session )

Questions For Oral Answer

## Friday, 25th August, 2017/ 3rd, Bhadrapada, 1939 (Saka)

----

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister and Rural Development & Panchayati Raj Minister ].

Total No. of Questions - 16

----

### Allotment of Land

*4134 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Government has given directions for allotment of land upto 20 Bighas in FRA to landless and others in Tribal Area;

(b) by when the allotment will be done; and

(c) how many applicants have applied from different sub-divisions till 31st July, 2017 the details be given along with allotment made so far ?

----

### राजकीय महाविद्यालय हरिपुर

*4135 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (देहरा) में साईंस की कक्षाएं प्रारम्भ कर दी गई हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संस्थान में साईंस की कक्षाएं चलाने हेतु कितने पद सृजित किए गए हैं; इनमें से कितने पद भर दिए गए हैं व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा कक्षाश: दें; और

(ग) दिनांक 31.07.2017 तक इन कक्षाओं में कितने विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है; ब्यौरा दें?

----

## जल रक्षक

***4136 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में पंचायतों के माध्यम से अंशकालीन आधार पर कितने वाटर गार्ड रखे गए; इन कर्मचारियों से कितने घण्टे काम लिया जाता है;

(ख) इस अवधि तक कितने वाटर गार्डों ने 8 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है; सरकार इन्हें कब तक दैनिक वेतन भोगी बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

( ग) इन वाटर गार्डों को क्या न्यूनतम वेतन के तहत पार्ट टाइम का रेट दिया जाता है?

----

## शिक्षण संस्थानों में रिक्तियां

***4137 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2017 को पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिक्षण संस्थानों में कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने पद कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा पाठशालावार व पदवार दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## भारी बरसात से नुकसान

***4138 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वर्ष भारी बरसात से दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक प्रदेश को कितना जानमाल का नुकसान हुआ; ब्यौरा जिलों का तहसीलवार दें; और

(ख) इस नुकसान की भरपाई हेतु प्रदेश सरकार द्वारा क्या-क्या पग उठाए गए; कितनी धनराशि जारी की गई; ब्यौरा जिलों का तहसीलवार सभा पटल पर रखें?

----

## Kundi Helipad

***4139 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how much funds for construction of helipad at Kundi near Salooni have been allotted till 31st July, 2017; and

(b) how much money is required to complete the project?

----

## Health Centres in Nalagarh

***4140 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that whether it is a fact that number of PHCs and Health sub-centres in Nalagarh Assembly Constituency are without Government buildings; if so, by when these buildings will be constructed ?

----

## भू-स्खलन से क्षति

***4141 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला मण्डी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गैहरा के भवन को भू-स्खलन से नुकसान हुआ है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने नुकसान की भरपाई हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया है; ब्यौरा दें; और

(ग) यदि अभी तक धनराशि का प्रावधान नहीं किया गया है; तो ब्यौरा प्रावधान न करने के कारणों सहित दें?

----

## कर्मचारियों /अधिकारियों को सेवा विस्तार

***4142 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2016 तक सरकार ने कितने अधिकारियों व कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति उपरान्त पुनः रोजगार या सेवा विस्तार दिया; ब्यौरा विभागवार कर्मचारियों के नाम व पद सहित दें; और

(ख) सरकार द्वारा सेवानिवृत्ति उपरान्त पुनः रोजगार एवं सेवा विस्तार देने हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित हैं; प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## प्राकृतिक आपदा से क्षति

***4143 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जून माह में हुई ओलावृष्टि एवं तूफान से लगघाटी, पार्वतीघाटी, खराहल, खोखण एवं महाराजा क्षेत्रों में फलों, सब्जियों, फसलों तथा मकानों को भारी क्षति पहुंची है; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के रूप में कौन-कौन सी राहत दी गई; ब्यौरा दें?

----

## आपराधिक मामले

***4144 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने बलात्कार, हत्याएं व आत्महत्याएं हुईं हैं; ब्यौरा मामलावार दें;

(ख) कितने मामलों की छानबीन पूर्ण कर ली गई है व कितने मामले लम्बित हैं; और

(ग) कितने मामलों की जाँच प्रदेश पुलिस द्वारा की जा रही है तथा कितने मामलों को सी0बी0आई0 के सपुर्द किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## Degree College at Kaza

***4145 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government propose to open a Degree College at Kaza in Spiti; and

(b) If yes, by when the notification will be issued & classes started?

----

## बस्ती धार कॉलोनी

***4146 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ग्रांम पंचायत कोटला पन्जोला की हरिजन Basti Dhar Colony में अनुसूचित जाति के परिवार रह रहे हैं व उनके घरों को चारों ओर से चारदिवारी करके उनकी सड़क, रास्ता व पीने के पानी पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा कब्ज़ा कर लिया गया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; और

(ख) यह भी सत्य है कि यह लोग इस कॉलोनी में पिछले 70 वर्षों से रह रहे हैं व अभी भी ज्यादातर भूमिहीन हैं; यदि हां, तो सरकार ने उनके आवास के लिए क्या व्यवस्था की है; ब्यौरा दें?

----

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

***4147 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल जोगिन्द्रनगर द्वारा कितनी सड़कों की DPRs बनाकर केन्द्र सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी हैं; और

(ख) इनमें से कितनी सड़कों की DPRs की स्वीकृति विभाग को प्राप्त हुई हैं और इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कितनी सड़कों की DPRs की स्वीकृति मिलनी शेष है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## Old Pumping Machinery

***4148 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there is frequent breakdown of the various lift irrigation and water supply schemes due to old pumping Machinery;

(b) whether the Government plans to replace the existing old pumping machinery of water supply and irrigation schemes in the State ; and

(c) if yes, by when the old pumping machinery will be replaced in Nalagarh Assembly Constituency ?

----

## पुल निर्माण

***4149 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जाहू में जबोटी खड्ड पर बना पुल पिछले वर्ष बरसात में बह गया था; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसे कब तक पुनः बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 9 अगस्त, 2017.** **सचिव।**